हरिभूमि

# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, शनिवार 15 फरवरी 2025



12 दोस्तपुर पंचायत की जमीन पर अवैध खनन...





10 सुविधा: शहर को पेयजल किल्लत से मिलेगी राहत...





जो कहा वो किया
समाज को वापिस दिया

फीस को 50% से 70% तक कम किया
कम फीस में एक्सपर्ट्स से पढ़ें

YADUVANSHI GROUP OF SCHOOLS

यदुवंशी शिक्षा निकेतन

JEE Main 2025 Result

Outstanding Results Yet Again!

99.96 %ile
Nishant Sh. Karan Singh

BLOCKBUSTER RESULT

SMILES OF SUCCESS from Yaduvanshi

Meet our Toppers

- MANISH YADAV, SH. Ramkishan, 99.88
- DIVAY YADAV, SH. Surender Kumar, 99.87
- DEEPANSHU, SH. Manjeet Singh, 99.69
- KESHAV, SH. Dinesh Kumar, 99.54
- AMAN, SH. Rajesh Kumar, 99.38
- ANUJ, SH. Vinod Kumar, 99.37
- ARUN, SH. Dharam Dutt, 99.28
- JATIN, SH. Naresh Yadav, 99.12

ABOVE 90%ile 95 Students

WE ARE PROUD OF YOU

- JAI SARSWAT, SH. RAMAVTAR, 98.95
- VISHANT, SH. Ashok Kumar, 98.82
- MUSKAN GARG, SH. Rakesh, 98.73
- DIVYANSHU, SH. Mohan Lal, 98.62
- SHWET, SH. Kashmir Singh, 98.48
- KAPIL, SH. Dhirender Kumar, 98.40
- RITIKA, SH. Ved parkash, 98.38
- SAHIL SONI, SH. Praveen Kumar Verma, 98.28
- SIDHARTH, SH. Pawan Kumar, 98.20
- MOHIT KUMAR, SH. Mahaveer, 97.97
- ANUJ, SH. Rajesh Kumar, 97.81
- PRIYANSHI, SH. Hanuman Singh, 97.69
- VINIT, SH. Mr. Vikram, 97.69
- DIYA, SH. Devender Kumar, 97.69
- ANGEL, SH. Mr. Yogesh, 97.54
- BHAVESH KUMAR, SH. Om Prakash, 97.48
- MILAN GOYAL, SH. Mukesh Goyal, 97.08
- ANKIT DHAHIYA, SH. Manjeet Kumar, 96.69
- SAHIL KUMAR, SH. Anil Kumar, 96.69
- GAVYANSHI YADAV, SH. Vijay Singh, 96.42
- MILAN, SH. VIRAM SINGH, 96.02
- TRIPTI, SH. Mr. Sandeep Kumar, 95.99
- GEETIKA YADAV, SH. Dushyant Kumar Yadav, 95.15
- MOHIT, SH. Chanderpal, 95.15
- PRINCE, SH. Subhash, 94.95
- CHHAVIKANT, SH. MANMOHAN, 94.95
- DEEKSHA YADAV, SH. Subhash Chand, 94.74
- PIYUSH, SH. JITENDER KUMAR, 94.52
- YATHARTH RATN, SH. Hanumant Singh, 94.24
- AMAN GOYAL, SH. Bhunesh Kumar, 94.16
- AMAN RAJ, SH. RAJESH KUMAR YADAV, 93.88
- HARSH, SH. PRADEEP KUMAR, 93.53
- VIVEK, SH. Mr. Sunder Singh, 93.37
- ANUJ, SH. Anoop, 93.33
- RISHABH KUMAR, SH. Manoj Kumar, 92.95
- PURUSHOTAM S, SH. Surender Singh, 92.74
- KARTIK YADAV, SH. SATISH KUMAR YADAV, 92.69
- SHIVANI, SH. Sunil Kumar, 92.12
- KUNAL, SH. Arun Kumar, 92.01
- KUMKUM, SH. HARPAL SINGH, 91.96
- KALPANA, SH. Mahesh Kumar, 91.91
- LOKESH, SH. Hanuman, 91.78
- YOGESH, SH. Paramvir, 91.76
- NAVNEET, SH. Virender Singh, 91.61
- ABHIJEET, SH. Vikash, 91.41
- RAHUL, SH. Vijay Kumar, 91.34
- ARYAN, SH. Sudesh, 90.88
- YOGESH, SH. SURENDER, 90.62
- RUPESH, SH. DEEPAK, 90.52
- RIYA, SH. Mr. Nasib, 90.41
- MAYANK YADAV, SH. Shri Bhagwan, 90.15
- SHAKSHI, SH. Sunil Kumar, 90.10
- PRIYANSHU, SH. Rajesh Kumar, 90.05
- GARIMA, SH. Ashok Khola, 90.00
- RAKXIT, SH. Sandeep Kumar, 90.00

& many more...

Heartiest CONGRATULATIONS!!!

Yaduvanshi Celebrates Unprecedented Success yet again!

राव बहादुर सिंह
चेयरमैन यदुवंशी ग्रुप एवं पूर्व विधायक नांगल चौधरी

ADMISSION OPEN For Kids to XII 2025-26

AC Hostel Facility for Boys & Girls

OUR CAMPUSES: Mahendergarh: 9466341799 | Narnaul: 9468061387 | Thanwas: 9050784050 | Dhani Mahu: 9050007943 | Jind: 9053905361 | Gurugram Sec.92 : 9053905384 Gurugram Sec.33: 9053905381 | Rewari: 8901167461 | Satnali: 9812330666 | Sohali (Rajasthan): 9991217659 | Kosli : 9053002458 | Hansi : 9053905366 | Kanina: 9053048100 | Mandola: 7027134134

Follow us:

## खबर संक्षेप

### सिटी किड्जी वर्ल्ड स्कूल का वार्षिकोत्सव 16 को

**महेंद्रगढ़।** सिटी किड्जी वर्ल्ड स्कूल का वार्षिकोत्सव 16 फरवरी को सिटी वर्ल्ड स्कूल पालड़ी पनिहारा में आयोजित किया जाएगा, जिसमें विद्यार्थी अपने-अपने सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय देंगे। मैनेजिंग डायरेक्टर नितिन यादव ने यह जानकारी दी।

### आज शुरू होगी सीबीएसई बोर्ड की वार्षिक परीक्षाएं

**कनीना।** सीबीएसई बोर्ड की 10वीं व 12वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षाए शनिवार से शुरू होगी। जिसके शांतिपूर्वक संचालन के लिए बोर्ड व प्रशासन की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इन परीक्षाओं के शांतिपूर्वक संचालन के लिए सब डिवीजन में तीन परीक्षा केंद्र एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला, यूरो स्कूल उन्हाणी, इंडस वैली स्कूल दौंगड़ा अहीर में बनाए गए हैं। नकल रोकने व सुरक्षा के दृष्टिगत सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। वहीं पुलिस कर्मचारी भी तैनात रहेंगे। जगदेव सिंह यादव ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर नकल रहित परीक्षा करवाने के लिए प्रबंध किए गए हैं।

19.18 करोड़ रुपये की लागत होगा टैंकों का निर्माण, सभी औपचारिकताएं पूरी, जल्द शुरू होगा काम

# सुविधा: शहर को पेयजल किल्लत से मिलेगी राहत पेयजल स्टोरेज के लिए बनाए जाएंगे दो नए टैंक

शहर में 18 बोरवेल व 85 लाख लीटर क्षमता के देवास जल परियोजना के सभी उपकरण किए ठीक

-प्रतिदिन प्रति व्यक्ति की जाएगी 155 लीटर पानी की आपूर्ति, नहीं होगी पेयजल के लिए परेशानी

महेश कुमार ▶▶| महेंद्रगढ़



देवास स्थित वाटर टैंक।

जनस्वास्थ्य विभाग की ओर से शहर को पेयजल किल्लत से निजात दिलाने के लिए दो नए टैंक का निर्माण किया जाएगा। गांव देवास व चितलांग में 19.18 करोड़ रुपये की लागत से टैंक का निर्माण किया जाएगा। इसके लेकर विभाग की ओर से सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई है। मार्च माह के पहले सप्ताह में टैंक का निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद है। अधिकारियों का दावा है कि गर्मी के मौसम से पहले टैंक का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा।

बता दें कि महेंद्रगढ़ शहर पूरी तरह से नहरी पानी पर निर्भर है। देवास जलघर से पानी को शहर के अलग-अलग हिस्सों में बने सात बूस्टिंग स्टेशन में भेजा जाता है। यहां से अलग-अलग कॉलोनियों में पानी आपूर्ति होता है। विभाग के पास नहरी पानी आधारित देवास जल परियोजना के चार टैंकों में 85 लाख लीटर पानी की क्षमता है। विभाग के पास शहर की आबादी के लिए करीब 15 दिनों का पानी स्टॉक होता है। 15 दिनों के बाद पानी की राशनिंग शुरू कर दी जाती है।

### 18 बोरवेल हुए ठीक, स्टार्टर व मोटर भी दुरुस्त

विभाग की ओर से नहरी पानी के अभाव में आपूर्ति प्रभावित न हो इसके लिए शहर व आसपास के 18 बोरवेलों की मोटरों को ठीक कराया गया है। साथ ही जो बोरवेल की मोटर पुरानी हो गई थी उन्हें भी बदला गया है। पेयजल आपूर्ति बाधित न हो इसके लिए सभी बोरवेलों के स्टार्टरों को भी ठीक कराया गया है तथा जो स्टार्टर पुराने से उनके स्थान पर नए लगा दिए गए हैं। देवास जल परियोजना के सभी उपकरणों को भी दुरुस्त कराया गया है।

### शहर को होती है प्रतिदिन 6.45 लाख लीटर पानी की आवश्यता

नहरी पानी पर आधारित देवास जलघर में 85 लाख लीटर पानी की क्षमता के चार टैंक बने हुए हैं। देवास जलघर से पानी को शहर के अलग-अलग हिस्सों में बने सात बूस्टिंग स्टेशन में भेजा जाता है। यहां से अलग-अलग कॉलोनियों में पानी आपूर्ति होता है। इन सात स्टेशनों से स्टेशन से शहर की करीब 50 हजार की आबादी को पानी दिया जाता है। प्रतिदिन शहर की आबादी को प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 155 लीटर पानी के हिसाब से कुल 6.45 लाख लीटर पानी की आवश्यकता होती है। इस हिसाब से जन स्वास्थ्य विभाग के पास शहर को नियमित आपूर्ति के लिए महज 10 दिनों का ही पानी स्टोर हो सकता है। इसके बाद विभाग द्वारा पानी की राशनिंग शुरू कर दी जाती है। देवास जलघर में तीन बोरवेल भी बने हुए हैं, लेकिन इन बोर से पेयजल आपूर्ति बनाए रखना चुनौती से कम नहीं है।

#### टैंकों की वाटर स्टोरेज क्षमता

- जलघर के टैंक नंबर एक की क्षमता साढ़े लाख करोड़ लीटर है
- जलघर के टैंक नंबर दो की क्षमता साढ़े लाख करोड़ लीटर है।
- जलघर के टैंक नंबर तीन की क्षमता 4 करोड़ लीटर है।
- जलघर के टैंक नंबर तीन की क्षमता 5 करोड़ लीटर है।

**जल्द शुरू होगा निर्माण कार्य :** जनस्वास्थ्य विभाग के जेई दीपचंद ने बताया कि टैंक निर्माण की सभी औपचारिकताएं पूरी हो चुकी है। मार्च में माह में टैंक का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। इसके अलावा सभी मोटर व उपकरणों को दुरुस्त कराया गया है। किसी भी मोटर के खराब होने की स्थिति में मोटर व स्टार्टर भी स्टैंड बाइ पर रखे जाएंगे। पेयजल आपूर्ति के लिए लीकेज लाइनों को भी ठीक कराया जा रहा है।

## अरावली स्कूल के 26 विधार्थी जेईई मेंस में पास



**महेंद्रगढ़।** अरावली इंटरनेशनल स्कूल के 26 विद्यार्थियों आईआईटी-जेईई की परीक्षा को क्वालिफाई किया। छात्र मनन यादव लावन ने 98 परसेंटाइल लेकर स्कूल में टॉप किया। मीडिया प्रभारी अमित यादव ने बताया कि ये बच्चे शुरू से ही अरावली स्कूल में पढ़ रहे है। स्कूल में ही रेगुलर कक्षा ऐटेंड करके यह उपलब्धि हासिल की है। बच्चों के अभिभावकों ने स्कूल व अध्यापक का धन्यवाद किया। प्राचार्य शक्ति सिंह ने सुबह प्रार्थना सभा में सभी विद्यार्थियों को बधाई देकर अन्य छात्रों को भी इस प्रकार की उपलब्धि से प्रेरणा लेने व आगे आने वाली अन्य प्रतियोगी परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। चेयरमैन अशोक कुमार व सीईओ महेश यादव ने सफलता प्राप्त करने वाले बच्चों को सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य कि कामना की। एमडी रेखा यादव ने बताया कि इसका श्रेय स्कूल के स्टॉफ, अभिभावक व विद्यार्थियों को जाता है।

## एसपीजी आईएएस स्कूल में शहीदों को किया याद



**महेंद्रगढ़।** डुलाना-चितलांग रोड स्थित एसपीजी आईएएस स्कूल में पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए वीर जवानों को श्रद्धांजलि दिवस पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर याद किया गया। शिक्षकों व बच्चों ने पुलवामा के आतंकी हमले में शहीद हुए वीर जवानों को उनके चित्र समक्ष पुष्पार्पित कर श्रद्धांजलि दी।

चेयरमैन डॉक्टर विरेंद्र राव डुलाना ने बताया कि 14 फरवरी 2019 को जम्मू श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारतीय सुरक्षा कर्मियों को ले जाने वाले सीआरपीएफ के वाहनों के काफिले पर आत्मघाती हमला हुआ, जिसमें 40 भारतीय सुरक्षा कर्मियों की जान गई थी। यह हमला जम्मू और कश्मीर के पुलवामा जिले के अवन्तिपोरा के निकट लेथपोरा इलाके में हुआ था। उन्होंने बताया कि यह दिन भारतवासियों के लिए बड़ा ही दुखदाई था। उन्होंने बताया कि हम शहीदों के बलिदान को कभी भी भूल नहीं सकते।

## बीआर स्कूल में धूमधाम से मनाया ग्रैंडपेरेंट्स-डे



**महेंद्रगढ़।** बीआर विद्यालय सेहलंग में ग्रैंडपेरेंट्स-डे मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि बीआर ग्रुप की संस्थापक समिति सदस्य जगदीश भारद्वाज रहे। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुई, जिसमें मुख्यातिथि जगदीश भारद्वाज, चेयरमैन हरीश भारद्वाज, उप चेयरमैन कृष्ण भारद्वाज, प्रधानाचार्य डॉ. राम मोहन वशिष्ठ, उप-प्रधानाचार्या ज्योति भारद्वाज ने किया।

## इंडस वैली के 22 छात्रों ने जेईई मेंस में मारी बाजी

- प्राचार्य जयवीर सिंह यादव ने बताया कि 22 बच्चों ने 90 परसेंटाइल से अधिक लेकर उत्तीर्ण हुए हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



**महेंद्रगढ़।** विजय चिह्न बनाकर खुशी जाहिर करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

गत दिवस एनटीए द्वारा आईआईटी मेंस-2025 का परिणाम घोषित होने पर इंडस वैली पब्लिक स्कूल दौंगड़ा अहीर के 22 बच्चों ने परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय का नाम रोशन किया हैं। इस दौरान इंडस वैली स्कूल में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसके मुख्यातिथि राजकीय कॉलेज सिहमा के प्राचार्य डॉ. सुनिल यादव रहे। संस्था प्राचार्य जयवीर सिंह यादव ने बताया कि 22 बच्चों ने लगभग 90 परसेंटाइल से अधिक लेकर उत्तीर्ण हुए हैं। उनमें सर्वप्रथम ओनिक खामपुरा 98 परसेंटाइल, प्रिया खासपुर 95, प्रिया मुंडिया खेड़ा 95, रजनेश मुंडिया खेड़ा 94, प्रियंका कलवाड़ी 94, विधि अटाली 92, दिशांत भांखरी 92, आदित्य खामपुरा 91, लक्ष्य डेरोली जाट 89, रक्षित कोथल कलां 83 परसेंटाइल प्राप्त किए। इसके अतिरिक्त तरुण, आर्यन शर्मा, भावेश, जतिन, आयुष, अमन, परिचित आदि भी उत्तीर्ण हुए। संस्था चेयरमैन धर्मेन्द्र यादव ने बताया कि 23 फरवरी को विद्यालय में स्कॉलरशिप टेस्ट का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें अन्य स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे इस परीक्षा को उत्तीर्ण कर 100 प्रतिशत स्कॉलरशिप प्राप्त कर सकते हैं।

## हेरिटेज विद्यालय में छात्रों को दी विदाई पार्टी

- उपमंडल कनीना में स्थित हेरिटेज पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल मोहनपुर में 11वीं के छात्रों ने 12वीं के छात्रों को विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



**नारनौल।** विद्यार्थी व स्कूल स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

उपमंडल कनीना में स्थित हेरिटेज पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल मोहनपुर में 11वीं के छात्रों ने 12वीं के छात्रों को विदाई व उनके उज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में बच्चों ने नृत्य पेश किया। 12वीं के छात्रों के लिए टास्क करवाया गया। जिसमें विद्यालय के सीईओ कैलाश शर्मा ने उसको पूरा करवाने में बच्चों की मदद की। अंत में मिस्टर फेयरवेल व मिस फेयरवेल निकल गया। जिसमें 12वीं कक्षा के छात्र साहिल ने मिस्टर फेयरवेल व 12वीं की छात्रा आशु ने मिस फेयरवेल का खिताब जीता। हर साल की भांति 12वीं के छात्रों ने विद्यालय को अपनी तरफ से एक स्मार्ट एलइडी भेंट की।

विद्यालय के अध्यक्ष ओमप्रकाश ने विद्यालय के 12वीं कक्षा के छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना की व 11वीं के छात्रों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के सीईओ कैलाश शर्मा, मनीष कुमार, डायरेक्टर खुशीराम शर्मा, प्रधानाचार्य कृष्ण सिंह, सीनियर कोऑर्डिनेटर सुरेंद्र कुमार, जूनियर कोऑर्डिनेटर सुमन आदि मौजूद थे।

## अधूरे पड़े भवन निर्माण के कार्य को जल्द पूरा कराएं: डीसी



**नारनौल।** प्रिंसिपल की बैठक लेते डीसी डा. विवेक भारती। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

- डीसी ने ली सभी कॉलेज के प्रिंसिपल की बैठक

युवाओं को बेहतर उच्चतर शिक्षा देने के लिए हरियाणा सरकार ने 10 किलोमीटर के दायरे में एक कॉलेज खोला है। ऐसे में सभी कॉलेज प्रिंसिपल इनके भवन के रखरखाव को लेकर सतर्क रहें। साथ ही विद्यार्थियों को गुणवत्ता पूर्वक शिक्षा देना सुनिश्चित करें। कहीं कोई कमी है तो तुरंत अपने मुख्यालय से संपर्क करें। ये निर्देश उपायुक्त डा. विवेक भारती ने लघु सचिवालय में जिला के सभी 15 कॉलेज के प्रिंसिपल के साथ हुई बैठक में दिए। डीसी ने सरकार की ओर से लागू की गई नई शिक्षा नीति पर भी विस्तार के साथ बातचीत की तथा इस संबंध में फीडबैक लिया। सभी कॉलेज प्रिंसिपल ने अपनी समस्या उपायुक्त के सामने रखी। डीसी ने निर्देश दिए कि जिन कॉलेज में भवन निर्माण का कार्य अधूरा है। वहां अपने मुख्यालय से संपर्क करके बजट आदि की व्यवस्था करवाएं। डीसी ने कहा कि किसी भी कॉलेज में बिजली पानी से संबंधित कोई समस्या है तो इस संबंध में एक विस्तृत रिपोर्ट दी जाए, ताकि संबंधित विभाग से वह काम पूरा करवाया जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी कॉलेज की भूमि के रिकॉर्ड का इंतकाल करवाएं। भूमि की देखभाल करना संबंधित प्रिंसिपल की जिम्मेदारी होती है। उन्होंने कहा कि अगर शिक्षण संस्थानों में कोई कंडम सामान है, तो उसकी सूची बनाकर भिजवाई जाए, ताकि उसकी नीलामी की जा सके। उन्होंने कहा कि जिन कॉलेजों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग कार्य नहीं कर रहा है, वहां उसकी अच्छी तरह से सफाई करवाएं, ताकि बारिश के सीजन के दौरान पानी का संवर्धन हो। कहा क्कि युवाओं को बेहतर उच्चतर शिक्षा देने के लिए हरियाणा सरकार ने 10 किलोमीटर के दायरे में एक कॉलेज खोला है।

## प्रधान पद के लिए 5 नामांकन पत्र दाखिल

- आगामी 28 फरपरी को होने वाले बार एसोसिएशन चुनाव के दृष्टित शुक्रवार को प्रधान पद के लिए पांच नामांकन पत्र दाखिल किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना



**कनीना।** बार एसोसिएशन चुनाव को लेकर प्रधान पद के लिए आवेदन करते अधिवक्ता। फोटो : हरिभूमि

आगामी 28 फरपरी को होने वाले बार एसोसिएशन चुनाव के दृष्टित शुक्रवार को प्रधान पद के लिए पांच नामांकन पत्र दाखिल किए गए। चुनाव अधिकारी दिनेश कुमार यादव व सहचुनाव अधिकारी नवीन कौशिक ने बताया कि आवेदन के अंतिम दिन प्रधान पद के लिए एडवोकेट वेदप्रकाश गुर्जर, सतीश कुमार, मंजीत सिंह, अखिल अग्रवाल व राकेश कुमार सहित पांच नामांकन पत्र दाखिल हुए हैं। उपप्रधान पद के लिए एडवोकेट ममता यादव व संदीप कुमार ने आवेदन किया है। सचिव पद के लिए एडवोकेट संदीप कुमार व सोमबीर सिंह, सहसचिव पद के लिए एडवोकेट जितेंद व संत कुमार की ओर से आवेदन दिया गया है। कोषाध्यक्ष पद के लिए एडवोकेट कुणाल व शशि कुमार चुनाव मैदान में हैं। उन्होंने बताया कि 17 फरवरी को आवेदनों की जांच होगी। वहीं 18 को सुबह 11 से तीन बजे तक आवेदन वापस लिए जा सकते हैं। इसके बाद 28 फरवरी को सुबह 10 बजे से चार बजे तक मतदान होगा, उसके बाद मतगणना कर परिणाम जारी किए जाएंगे।

## यदुवंशी स्कूल में पुलवामा हमले के शहीद हुए जवानों को दी श्रद्धांजलि



**महेंद्रगढ़।** यदुवंशी शिक्षा निकेतन स्कूल में जम्मू-कश्मीर के पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों को नम आंखों से भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। विद्यार्थियों के द्वारा दो मिनट का मौन रखकर सच्ची श्रद्धांजलि दी गई। विद्यार्थियों ने देशभक्ति कविता, भाषण, पोस्टर आदि के द्वारा अपनी देशभक्ति-भावना को प्रदर्शित किया। प्राचार्य पवन कुमार ने बताया कि 14 फरवरी, 2019 यह दिन भारत के इतिहास में काले दिन के रूप में दर्ज हो गया, जब जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में एक कायरतापूर्ण आतंकी हमला हुआ, जिसने हमारी भावनाओं पर गहरा आघात किया। चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कहा कि यह हमला न केवल देश की सुरक्षा के प्रति एक बड़ी चुनौती थी।

45 रक्तवीरों ने किया रक्तदान, एसडीएम रमित यादव ने फोन पर बढ़ाया उत्साह

## पॉलिटेक्निक कॉलेज में आयोजित शिविर में किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



**नारनौल।** शिविर में रक्तदान करते हुए। फोटो : हरिभूमि

गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जिसमें कॉलेज के प्राचार्य इंजीनियर अनिल यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। शिविर का शुभारम्भ प्राचार्य ने रिबन काटकर किया तथा रक्तदाताओं को बैच लगाए।। शिविर का आयोजन बाबा खेतानाथ गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज, युवा साथी ग्रुप हरियाणा व उड़ान जनसेवा ट्रस्ट ढाणी बाठोठा ने किया। शिविर में प्राचार्य अनिल यादव ने भी रक्तदान किया। शिविर के मुख्यातिथि ने कहा कि इस शिविर का आयोजन स्व. प्रशांत यादव मित्रपुरा की पुण्यतिथि पर किया गया है।

उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक रक्तदान करे और रक्तदान के लिए दूसरों को जागरूक करे। स्व. प्रशांत यादव के पिता सुनील कुमार ने बताया कि बेटे की पुण्यतिथि पर हर वर्ष समाजसेवा के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन करते है। रक्तदान शिविर के मार्गदर्शक एसडीएम रमित कुमार यादव नगर पालिका चुनाव नामांकन में व्यस्त होने की वजह से रक्तवीरों को फोन पर बधाई देकर उत्साह बढ़ाया। नागरिक अस्पताल की टीम को भी शिविर में सम्मानित किया गया। माय भारत मिनिस्ट्री ऑफ यूथ अफेयर्स गवर्नमेंट ऑफ इंडिया के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर में प्रीतम रामबास, संदीप नारनौल, कुनाल नारनौल, तरुण नारनौल, निखिल खोड़मा, सुमित नारनौल, हेमन्त कुमार गोमला, मदनलाल सैनी नारनौल, नवीन कुमार खोड़मा, मानाराम यादव बड़कोदा, गौतम नारनौल, अनुज कुमार, प्रवीण कुमार नारनौल, सुनील कोजिंदा, साहिल कोजिंदा, मोहित कुमार टाकरी, मोहित कुमार निहालगढ़, हितेश कुमार खामपुरा, अभिषेक दादरी, प्रदीप नारनौल, योगेंद्र सिंह सतनाली, विकाश नारनौल, अनिल यादव नारनौल, सुनील कुमार नारनौल, रवि कुमार नारनौल, आर्यन सैनी कोजिंदा, राजेश सैनी नारनौल, भूपेंद्र भोजावास, मंजीत नारनौल, रोहित कुमार आर्मी, रितिक नांगल चौधरी, दुष्यंत धौलेड़ा, कपिल बाछौद, शुभम शर्मा भुंगारका, अजय नांगल चौधरी, सिद्धार्थ धौलेड़ा, नितिन नारनौल, प्रवीण नारनौल, प्रशांत ढाणी बाठोठा, रामभक्त कारोली, मोनू डिगरोता, सन्नी कौशिक धोली, रवि कुमार पटीकरा, हर्ष नारनौल आदि रहे।

## खबर संक्षेप



### बेटियों ने दिया माता की अर्थी को कंधा

**सतनाली मंडी।** कस्बे में एक महिला के बेटा नहीं था, तो उनकी अर्थी को बेटियों के कंधा देकर समाज को संदेश दिया। माता की मौत होने पर बेटियों ने न केवल खुद को संभाला, बल्कि माता की मृत्यु के बाद उनकी अर्थी को कंधा दिया। जानकारी के अनुसार मृतक महिला नानीबाई 75 वर्ष के चार बेटियां है और बेटा नहीं है। नानीबाई का वीरवार सायं कस्बे में धार्मिक रीति रिवाज से अंतिम संस्कार किया गया। जिससें उनकी बेटियों वीरमती, ओमबाई, सजना बाई व फुसी उर्फ सुमन ने अपनी माता की अर्थी को कंधा देकर समाज को संदेश दिया। अंतिम यात्रा में शामिल लोगों ने बेटियों के इस कार्य की सराहना की।

### अटेली नांगल में रक्तदान शिविर आयोजित

**मंडी अटेली।** पुलवामा अटैक में शहीद हुए सैनिकों के सम्मान में शुक्रवार को राजकीय प्राथमिक पाठशाला नांगल में युवा संगठन की ओर से तीसरे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व विधायक सीताराम यादव व जिला प्रमुख डॉ. राकेश कुमार मुख्य अतिथि मौजूद रहे। विधायक ने कहा कि रक्त दान से कभी भी कमजोरी नहीं होती।

### आज शुरू होगी सीबीएसई बोर्ड की वार्षिक परीक्षाएं

**कनीना।** सीबीएसई बोर्ड की 10वीं व 12वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षाए शनिवार से शुरू होगी। जिसके शांतिपूर्वक संचालन के लिए बोर्ड व प्रशासन की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इन परीक्षाओं के शांतिपूर्वक संचालन के लिए सब डिवीजन में तीन परीक्षा केंद्र एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला, यूरो स्कूल उन्हाणी, इंडस वैली स्कूल दौंगड़ा अहीर में बनाए गए हैं। नकल रोकने व सुरक्षा के दृष्टिगत सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। वहीं पुलिस कर्मचारी भी तैनात रहेंगे। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष जगदेव सिंह यादव ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर नकल रहित परीक्षा करवाने के लिए प्रबंध किए गए हैं।

### पार्षद व चेयरमैन के इच्छुक 60 प्रत्याशियों ने फार्म लिए

# नामांकन के तीसरे दिन अटेली के वार्ड 6 से एक नामांकन पत्र दाखिल, भागदौड़ तेज

नामांकन 17 फरवरी तक सुबह 11 से दोपहर बाद 3 बजे तक आवेदन जमा होंगे, 2 मार्च की तैयारियों को पूर्ण करने के लिए जायजा लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

अटेली नपा के चुनावों के लिए नामांकन के तीसरे दिन शुक्रवार को पार्षद के लिए एक नामांकन फार्म जमा हुआ। सहायक रिटर्निंग अधिकारी व तहसीलदार संजीव नागर को अनुसूचित जाति के रिजर्व वार्ड 6 से राहुल जोईया ने सौंपा। नामांकन 17 फरवरी तक सुबह 11 से दोपहर बाद 3 बजे तक आवेदन जमा होने हैं।

शुक्रवार को एसडीएम रमित कुमार भी रिटर्निंग अधिकारी के रूप में नपा अटेली कार्यालय में रहे तथा नामांकन प्रक्रिया के अलावा चुनाव की अन्य प्रक्रिया को शांति व निष्पक्ष कराने के लिए कर्मियों को 2 मार्च की तैयारियों को पूर्ण रूप से करने के लिए जायजा लिया। वैसे पार्षद व चेयरमैन के इच्छुक 60 प्रत्याशियों ने फार्म लिया है, लेकिन जमा अभी तक एससी वार्ड 6 आरक्षित से हुआ है। शनिवार व सोमवार को अब दो दिन ही नामांकन जमा होंगे। इसी बीच 16 फरवरी को रविवार को छुट्टी का होने पर नामांकन दाखिल नहीं होगा।

वार्ड पार्षदों व चेयरमैन के प्रत्याशियों को नपा समेत 3 अलग विभागों से नो ड्यूज प्रमाण लेने के लिए नपा में भीड़ लगी हुई है। नपा के हाउस टैक्स, रैंट आदि जमा करवाने के लिए भी लाइन लगी हुई है। सहायक रिटर्निंग अधिकारी व अटेली तहसीलदार संजीव नागर ने बताया कि शुक्रवार को तीसरे दिन एक नामांकन जमा हुआ है। जिला उपायुक्त की ओर से जारी आदेशों के अनुसार एसडीएम नारनौल रमित यादव को अटेली नगर पालिका चुनाव के लिए रिटर्निंग अधिकारी लगाया गया है।



मंडी अटेली। पार्षद पद हेतु वार्ड 6 से नामांकन दर्ज कराते राहुल जोईया।

### चल रहा मान-मनोव्वल का दौर

कस्बे में प्रत्याशियों को मान मनोव्वल की बैठकों का दौर शुक्रवार को चलता रहा। कस्बे में राजनीति उफान पर है। कस्बे में पूर्व चेयरमैन के घर पर विवाह समारोह में आने वाले कस्बे के लोगों ने नपा के चुनावों को लेकर खासी चर्चा की। वही भाजपा द्वारा पार्टी सिंबल पर प्रत्याशी नहीं उतारने के निर्णय के बाद पार्टी के नेताओं में मंत्रणा का दौर चला हुआ है। स्वास्थ्य मंत्री के कार्यालय अटेली पर चुनाव लड़ने के इच्छुक प्रत्याशी लगातार हाजिरी लगा रहे हैं, लेकिन मंत्री के सचिव विकास यादव ने स्पष्ट कर दिया है कि पार्टी तथा स्वास्थ्य मंत्री किसी भी प्रत्याशी का समर्थन नहीं करेंगी। वह पार्टी कार्यकर्ताओं में किसी प्रकार की नाराजगी नहीं करना चाहते।

### नपा चुनाव को लेकर चौथे दिन दो वार्डों से तीन नामांकन पत्र

**कनीना।** कनीना में आगामी दो मार्च को होने वाले नगर पालिका चुनाव के लिए चौथे दिन दो वार्डों से तीन नामांकन पत्र दाखिल हुए। एसडीएम कोर्ट कैंपस में आवेदन टीम की ओर से सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद आवेदकों को चुनाव अधिकारी के पास भेजा गया। जहां उन्होंने नामाकंन की बारीकी से जांच कर रिसीव किया। चुनाव अधिकारी एसडीएम डा. जितेंद्र सिंह अहलावत ने बताया कि शुक्रवार को वार्ड चार से दो नामांकन अंजू व रेखारानी, वार्ड 12 से एक राखी कुमारी की ओर से दाखिल किए गए हैं। चेयरमैन पद के लिए अभी तक कोई आवदेन नहीं आया है। इस मौके पर एआरओ दलबीर सिंह दुग्गल, कानूनगो उमेद सिंह जाखड़, चुनावी कानूनगो पूनम सिंह, प्रमोद कुमार मौजूद थे।



कनीना। आरओ डा. जितेंद्र सिंह अहलावत व एआरओ दलबीर सिंह दुग्गल के सामने नामाकंन पत्र दाखिल करती महिला उम्मीदवार।

### गुरुग्राम मंडल के आयुक्त ने ली बैठक



नारनौल। अधिकारियों की बैठक लेते आयुक्त आरसी बिढान।

**नारनौल।** नगर पालिका अटेली व कनीना में होने वाले चुनावों के मद्देनजर गुरुग्राम मंडल के आयुक्त आरसी बिढान ने लघु सचिवालय में अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को चुनाव के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। बिढान ने कहा कि प्रजातंत्र में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव करवाना जिला प्रशासन की पहली जिम्मेदारी होती है। ऐसे में सभी अधिकारी दो मार्च को होने वाले इन चुनाव के लिए सभी प्रकार की तैयारी कर लें। उपायुक्त डा. विवेक भारती ने बताया कि कनीना नगर पालिका में कुल 10413 वोटर हैं। यहां पर 14 वार्ड व 14 बूथ बनाए गए हैं। वहीं अटेली नगर पालिका में 6331 वोटर हैं। अटेली में 12 वार्ड तथा इतने ही बूथ बनाए गए हैं। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ, कनीना एसडीएम एवं आरओ डा. जितेंद्र सिंह, एसडीएम एवं अटेली के आरओ रमित यादव, नगराधीश मंजीत कुमार के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### अंशुल ने पाई जेईई में सफलता

**नारनौल।** रावमावि जैलाफ के विज्ञान संकाय के छात्र अंशुल पुत्र अनिल कुमार जांगड़ा डोहर ने जेईमेंस परीक्षा परिणाम में ओवरऑल एनटीए 99.7 स्कोर प्राप्त करके सफलता हासिल की है। प्रवक्ता धर्मसिंह ने बताया कि अंशुल प्रारंभ से ही कुशाग्र बुद्धि रहा है। अंशुल ने 10वीं कक्षा में भी पूर जिले में 500 मे से 492अंक प्राप्त करके चौथा स्थान प्राप्त किया था। पूर्व हरियाणा मुख्यमंत्री मनोहर लाल से पहले ही सम्मानित हो चुके हैं। अंशुल ने अपनी इस सफलता का श्रय अपने दादा दादी महावीर प्रसाद, सुमित्रा, माता सीमा व गुरुजनों को दिया। चाचा डा. आशीष एसोसिएट प्रोफेसर व सुनील डीपी के पद पर कार्यरत हैं। प्राचार्य लोकेश कुमार व स्टाफ ने अंशुल को बधाई दी।



छात्र अंशुल।

### शिविर में 125 लोगों ने कराई जांच

**मंडी अटेली।** शिव शक्ति जनसेवा फाउंडेशन व ग्राम पंचायत चन्दपुरा द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 125 लोगों की निःशुल्क जांच की गई। इस मौके डॉ. गौरव खोश्या, सत्यप्रकाश, योगेश राहुल व शशि कुमार ने शिविर में आए लोगों के स्वास्थ्य जांच कर निःशुल्क दवाईयां दी गई। इस शिविर में हड्डी रोग, जनरल रोगों की विभिन्न प्रकार बीमारियों की जांच की गई। कैंप में सुजापुर के अलावा पड़ोसी गांव के लोगों ने भी इसका लाभ उठाया।

## श्रीकृष्णा स्कूल में मनाया मातृ-पितृ पूजन दिवस



**महेंद्रगढ़।** श्रीकृष्णा स्कूल में शुक्रवार को मातृ-पितृ पूजन दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। वहीं विद्यार्थियों ने नाटक, नृत्य, कविताओं के माध्यम से माता-पिता की महिमा के महत्त्व व पुलवामा में शहीद वीरों की शहादत पर नमन कर भावभीनी श्रद्धाजलि दी। कार्यक्रम में मुख्यातिथि सीईओ कर्मवीर राव मुख्य रूप से उपस्थित रहे जबकि अध्यक्षता प्राचार्य रवि प्रकाश द्वारा की गई। मिडल हेड सुरेंद्र कुमार ने बताया कि विद्यार्थियों ने पुलवामा हादसे में शहीद हुए वीरों को भावभीन श्रद्धांजलि दी तथा विद्यार्थियों को देश के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित भी किया। सीईओ कर्मवीर राव ने कहा कि माता-पिता हमारे जीवन का आधार है।

## सरस्वती स्कूल के विद्यार्थी जेईई मैन्स में छाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी

सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के चार व सरस्वती पब्लिक स्कूल भोजावास के एक छात्र ने आईआईटी व जेईई मेंस की परीक्षा में सफलता हासिल की है। मेधावी प्रतिभाओं को संस्था के एमडी अमित यादव ने स्मृति चिह्न देकर प्रोत्साहित किया। इस दौरान अन्य विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित करके पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया गया। प्राचार्या वंदना यादव व राजेश कुमार ने बताया कि जनवरी महीने में संपन्न हुई आईआईटी व जेईई मेंस की परीक्षा में 16 लाख से अधिक विद्यार्थी सम्मलित हुए थे। जिनमें सरस्वती पब्लिक स्कूल भोजावास के छात्र हिमेश कुमार पुत्र गौरव कुमार ने 98.29 परसेंटाइल हासिल करके संस्था का गौरव बढ़ाया है। सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी की छात्रा वेदिका ने 96 परसेंटाइल से सफलता हासिल की है। निक्की कुमारी पुत्री दिनेश कुमार ने 85.69 परसेंटाइल हासिल किए हैं। आशीष कुमार पुत्र दिनेश कुमार को 96.48, निशांत कुमार ने 99.99 परसेंटाइल हासिल करके स्कूल का नाम रोशन किया है। संस्था के प्रबंधक निदेशक अमित यादव ने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस मौके पर वाइस प्राचार्या रेखा यादव, यादराम, बिक्रम आदि मौजूद रहे।



नांगल चौधरी। मेधावी विद्यार्थी को सम्मानित करते एमडी अमित यादव व प्राचार्य राजेश कुमार। फोटो : हरिभूमि

## आईआईटी मैन्स परिणाम के लिए छात्र केशव को किया सम्मानित



**नारनौल।** बीपीएस स्कूल कुलताजपुर रोड में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस सम्मान समारोह में आईआईटी जेईई मेन्स परीक्षा में बेस्ट स्कोर प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को संस्था मैनेजमेंट की ओर से सम्मानित किया गया। इस परीक्षा में संस्था के होनहार विद्यार्थी केशव अग्रवाल पुत्र नरसिंह ने 99 .51 परसेंटाइल प्राप्त कर क्षेत्र, अभिभावक व विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यार्थी की शानदार उपलब्धि के लिए संस्था की ओर से 41000 रुपये का पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर संस्था वाइस चेयरमैन कमल संघी, सह-सचिव डा. कर्ण चौधरी व प्रिंसिपल उदयभान राव ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यार्थी को उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## एचपीएस के विद्यार्थियों का जलवा



**नारनौल।** एनटीए की ओर से जारी जेईई मेन्स के परीक्षा परिणाम में एचपीएस के आठ विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त करते हुए कीर्तिमान स्थापित किया। एचपीएस के विद्यार्थियों ने यह सफलता हासिल कर एक बार फिर से साबित कर दिया कि एकेडमिक परिणाम हों या अन्य कोई प्रतियोगी परीक्षा एचपीएस के विद्यार्थी किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। विद्यालय प्राचार्य सुनील यादव ने बताया कि जयंत गांधी पुत्र दिनेश गांधी ने 99.49 परसेंटाइल, अंशु यादव पुत्री धर्मेन्द्र ने 95.36, शशांक अग्रवाल पुत्र विपिन अग्रवाल ने 93.88, अमनदीप पुत्र तेजपाल ने 93.65, टीना पुत्री हंसराज ने 92.57, आरजू पुत्री नरेन्द्र यादव ने 90.50, यश पुत्र विनोद ने 85.74, हिमांशु मित्तल पुत्र राकेश मित्तल ने 85.43 परसेंटाइल प्राप्त किए। विद्यालय डीन मनोज भारद्वाज ने कहा कि जेईई, आईआईटी, नीट मेडिकल, एनडीए, यूपीएससी, सीए, ओलम्पियाड व के लिए पौध तैयार की जाती है।

## डीएवी स्थापित कर रहा शिक्षा और विज्ञान के नए आयाम, 20 विद्यार्थी जेईई मैन्स में उत्तीर्ण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से जेईई मेंस का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है। जिसमें एमएलएस डीएवी स्कूल के 20 विद्यार्थी परीक्षा उत्तीर्ण करने में कामयाब रहे। जिनमें अजय ने 98.76 परसेंटाइल, मयंक यादव ने 97.06, रुद्राक्ष ने 96.15, दिव्या गोदारा ने 95, आयशा ने 93.51, मनन अग्रवाल ने 93, नयन सिंघल ने 92.2, नीरव ने 92, विशाल ने 91.2, मोहित जांगरा ने 90, जितेश ने 89.64 परसेंटाइल अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। प्राचार्य विरेन्द्र कुमार ने परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों को विद्यालय प्रागंण में समान्नित किया तथा आगामी परीक्षा हेतु शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### जेईई में सीएल स्कूल के विद्यार्थियों ने पाई सफलता



नारनौल। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी की ओर से आयोजित जेईई मेंस में सीएल पब्लिक स्कूल के सात छात्र बिकेश कुमार पुत्र भूपेन्द्र सिंह 99.60 परसेंटाइल, तुषार पुत्र सुरेश कुमार ने 98.60, दिपांशु पुत्र रविशंकर 93.22, नमन जांगिड़ पुत्र कृष्ण कुमार 90.63, निखिल पुत्र योगेन्द्र कुमार ने 97.13, साहिल पुत्र अनिल कुमार 87, सागर सैनी पुत्र रोशन सैनी ने 81 परसेंटाइल अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की है। सफल छात्रों ने इस सफलता का श्रेय विद्यालय के निदेशक अमित गुप्ता, प्राचार्य रवीन्द्र सिंह, अध्यापकों व अपने माता पिता को दिया।

## लॉर्ड कृष्णा स्कूल के विद्यार्थियों ने जेईई मैन्स में मचाई धूम



**नारनौल।** लॉर्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल परिसर में खुशियों की लहर दौड़ पड़ी, जैसे ही जेई ई मेंस का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। साधारण पृष्ठभूमि से आए विद्यार्थियों ने अपने गुरुजनों के मार्गदर्शन व कड़ी मेहनत से एक नया मानक स्थापित किया कि यदि करने का जज्बा दिल में हो तो बिना किसी कोचिंग संस्थानों में मोटी फीस भरे बिना भी सपने साकार किए जा सकते है। जिन होनहार बच्चों ने विद्यालय में रहकर ही अपने माता पिता का नाम रोशन किया है, उनमें हितेश पुत्र सुरेश कुमार सिहमा ने 99 .23 परसेंटाइल, नवनीत पुत्र प्रदीप ने सिलारपुर ने 95 .37, योगेश पुत्र सुरेंद्र सिंह शहरपुर ने 94 .34, सोमेश कुमार पुत्र प्रकाश यादव खासपुर ने 92 .69 व मनीत पुत्र संदीप कुमार रामपुर ने 90 .94 परसेंटाइल अंक प्राप्त किए है।

### यादव सभा ने शहीदों को याद किया

**महेंद्रगढ़।** यादव धर्मशाला के मुख्य सभागार में सभा प्रधान एडवोकेट अभयराम यादव की अध्यक्षता में श्रीनगर के पुलवामा में सीआरपीएफ के जवान आंतकी हमले में शहीद हुए जवानों के लिए श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कप्तान राजेंद्र सिंह खेड़ा ने बताया कि यादव सभा की समस्त कार्यकारिणी ने पुलवामा आंतकी हमले में शहीद हुए सभी 44 वीर जवानों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधान एडवोकेट अभय राम यादव ने कहा कि सभी वीर जवानों को हम कोटि-कोटि नमन करते हैं। इस अवसर पर प्रोफेसर बस्तीराम खैरवाल, सभा सचिव रोहताश सिंह, कोषाध्यक्ष जगदीश प्रसाद, सहसचिव रोहताश सिंह, आरके सिंह, लक्ष्मी नारायण मौजूद रहे।

सफलता | जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगी विजेता रही स्कूल

# स्कूल सौंदर्यीकरण में शहबाजपुर स्कूल प्रथम प्राथमिक पाठशालाओं में ढाणी भोजावाली विजेता

निर्धारित पुरस्कार राशि से सम्मानित करेगा शिक्षा विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी

नांगल चौधरी ब्लॉक का मुख्यमंत्री स्कूल सौंदर्यीकरण प्रतियोगिता का परिणाम घोषित हो गया है। जिसमें विजेता रही विभिन्न कटेगरी की स्कूलों को जिला स्तरीय सौंदर्यीकरण प्रतियोगिता में शामिल किया जाएगा। ब्लॉक व जिले में प्रथम रहे शिक्षण संस्थाओं को विभाग की ओर से निर्धारित राशि से सम्मानित किया जाएगा।

आपको बता दें कि विभागीय स्कूलों में शिक्षक व संसाधनों की कमी नहीं, बावजूद छात्र संख्या निरंतर घट रही है। अधिकतर अभिभावक निजी संस्थाओं की चकाचौंध से प्रभावित होकर सरकारी स्कूलों से दूर भाग रहे हैं। नांगल चौधरी खंड में करीब 10 स्कूलों में 15 दाखिले भी नहीं हुए, कई स्कूलों को नजदीकी स्कूलों में मर्ज कर दिया गया है, लेकिन अभी भी विभाग को सकारात्मक परिणाम नहीं मिला है। इसलिए सरकार ने मुख्यमंत्री स्कूल सौंदर्यीकरण प्रतियोगिता क्रियाविंत की है। इस स्पर्धा में शामिल होने के लिए पौधे, पेयजल, खेल ग्राउंड, शौचालय, लाइब्रेरी, स्टॉफ, चारदीवारी व स्वच्छता के अंक निर्धारित किए हैं। बीते महीने मापदंडों पर खरी स्कूलों के आवेदन मांगे गए थे, उस दौरान ब्लॉक की पांच स्कूलों ने आवेदन किया था। इसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने एसडीएम के नेतृत्व में टीम का गठन किया। जिसमें सीडीपीओ, बीईओ व सीनियर प्राचार्य को शामिल किया गया है। जांच पड़ताल के दौरान कमेटी ने सैदअलीपुर स्कूल के आवेदन को कैंसिल कर दिया, तर्क दिया कि स्कूल ने बीते साल ही सौंदर्यीकरण पुरस्कार जीता था।




### विजेता रही स्कूल व निर्धारित पुरस्कार राशि

| स्कूल | पुरस्कार |
|---|---|
| जीएसएसएस शहबाजपुर | 50000 |
| जीएचएस ढाणी बाठोठा | 50000 |
| जीएमएस कालबा | 50000 |
| जीपीएस ढाणी भोजावाली | 50000 |

**विजेता स्कूलों की सूची उच्चाधिकारियों को भेजी, जल्द मिलेगा पुरस्कारः** बीईओ सुनीता यादव ने बताया कि एसडीएम मनोज कुमार के नेतृत्व में कमेटी ने मुख्यमंत्री स्कूल सौंदर्यीकरण प्रतियोगिता में शामिल स्कूलों की विजिट की थी तथा निर्धारित मापदंडों का अवलोकन किया गया। जिसमें सलेक्ट हुई चार स्कूलों की सूची डीईओ कार्यालय में भेज दी है। जल्द ही ब्लॉक लेवल की पुरस्कार राशि स्कूल के अकाउंट में डाल दी जाएगी। उन्होंने बताया कि अब जिला व स्टेट स्तरीय सौंदर्यीकरण स्पर्धा होनी है।

**सूचना**

मैं, कैलाशचन्द पुत्र श्री चंदगीराम निवासी पाली तहसील व जिला महेन्द्रगढ़ बयान करता हूं कि मेरा पुत्र कुलदीप मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सार्वजनिक सूचना**

मै रघुवीर पुत्र ब्रिज लाल मोहल्ला बडा बाग नियर रेलवे स्टेशन तह. नारनौल जिला महेंद्रगढ हरियाणा बयान करता हूं कि मैने अपनी पुत्री पूनम सैनी का एक बचत खाता सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक में खुलवाया हुआ है। बैंक खाते में जो दस्तावेज लगे हुए हैं उनमें मेरी पुत्री का नाम पूनम सैनी पुत्री रघुवीर दर्ज है जो कि सही है। भविष्य में उसे पूनम सैनी पुत्री रघुवीर के नाम से ही जाना जाए।

## खबर संक्षेप



महेंद्रगढ़। बनाए हुए मॉडल दिखाती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### बीजेआरडी स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

महेंद्रगढ़। बीजेआरडी स्कूल रिवासा में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में बच्चों ने विज्ञान के अलावा गणित एवं कंप्यूटर पर आधारित अनेक सुंदर एवं ज्ञानवर्धक मॉडल्स बनाएं। इस प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने चंद्रयान-3, चंद्रग्रहण, सोलर एनर्जी सिस्टम, ड्रिप इरिगेशन, हाइड्रोलिक सिस्टम, हृदय से संबंधित, मॉडल्स बनाए। चेयरपर्सन शीला राव एवं निदेशक ने छात्र-छात्राओं जिन्होंने इस प्रदर्शनी में भाग लिया। साथ ही उन सभी शिक्षकों का भी आभार प्रकट किया, जिन्होंने बच्चों का मार्गदर्शन किया।

### गोठड़ी में फांसी लगाने से विवाहिता की मौत

नारनौल। नांगल चौधरी खंड के गांव गोठड़ी में एक विवाहिता ने फांसी लगाकर अपने जीवन की लीला समाप्त कर ली। पुलिस का कहना है कि वह मानसिक रूप से परेशान रहती थी। जानकारी मुताबिक करीब 21 वर्षीय लक्ष्मी सैन गांव खेड़की वीरभान की रहने वाली थी और दो साल पहले उसकी शादी गोठड़ी में हुई थी। उसने गुरुवार को अपने घर पर ही फांसी का फंदा लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। इसकी सूचना मिलने पर मायका पक्ष से भी लोग गोठड़ी पहुंचे और पुलिस को बयान दर्ज कराते हुए बताया कि लक्ष्मी सैन मानसिक रूप से परेशान रहती थी।

### बसपा ने पूर्व पंचों को पेंशन देने की मांग की

नारनौल। बहुजन समाज पार्टी के नेता प्रमुख समाजसेवी अतरलाल ने सरकार से पूर्व पंचों को पेंशन देने की मांग उठाई है। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से हरियाणा के आगामी बजट में पूर्व पंचों के लिए पेंशन राशि आवंटित करने की मांग की है। मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में अतरलाल ने कहा है कि सरपंच व पंच मिलकर पंचायत का निर्माण करते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने पूर्व सरपंचों को पेंशन देना तो शुरू कर दिया है, लेकिन पूर्व पंचों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। सरकार की ओर से पूर्व पंचों की मांग को नजरअंदाज करने से पूर्व पंचों में रोष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि जिले के अनेक पूर्व पंचों ने उनसे मिलकर सरकार के इस भेदभावपूर्ण रवैये की शिकायत की है तथा उनकी मांग को राज्य सरकार के समक्ष उठाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि पंच

### एआईयूटीयूसी यूनियन 17 को सौंपेंगी ज्ञापन

नारनौल। केन्द्रीय ट्रेड यूनियन एआईयूटीयूसी के अखिल भारतीय मांग दिवस के तहत जिला कमेटी की ओर से 17 फरवरी को उपायुक्त के मार्फत मुख्यमंत्री को प्रदेश के श्रमिकों की समस्याओं के समाधान हेतु मांग पत्र सौंपा जाएगा। जिसमें एआईयूटीयूसी से जुड़ी सभी यूनियन शामिल होंगी।

## ग्रामीणों ने जिला प्रशासन पर खनन माफियाओं के साथ मिलीभगत होने के आरोप लगाए

# दोस्तपुर पंचायत की जमीन पर अवैध खनन से नाराज ग्रामीणों का प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन

- शिकायत पर सरपंच ने पंचायती रकबे की पैमाइश कराई थी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी

राजस्थान की सीमा में माइंस संचालक बीते करीब एक साल से दोस्तपुर पंचायत की जमीन पर अवैध पत्थर खनन कर रहा है। खनन की शिकायत विभाग व प्रशासनिक अधिकारियों को सौंप दी गई, बावजूद स्थिति यथावत बनी हुई है। जिससे आक्रोशित ग्रामीणों ने शुक्रवार सुबह बैठक का आयोजन किया। इसमें जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन पर खनन माफियाओं के साथ मिलीभगति होने के आरोप लगाए।

राहुल कुमार, राकेश, नवीन कुमार, सुनीता देवी, संतरा, भूतेरी, नितिन कुमार ने बताया कि दोस्तपुर पंचायत के अंतर्गत कृष्णावती नदी के साथ में राजस्थान के देवता गांव की जमीन लगती है। जिसमें पत्थर खनन के लिए राजस्थान प्रशासन ने पट्टे को लीज पर छोड़ा गया है। माइंस संचालक बीते दो तीन सालों से पत्थर खनन कर रहा है, लेकिन बीते करीब एक साल से पत्थर की क्वालिटी खराब हो गई। इधर दोस्तपुर पंचायत की तरफ पत्थर अच्छा होने के साथ खनन भी सुविधा जनक है। इसलिए राजस्थान के माइंस संचालक ने हरियाणा की तरफ माइंस का बढ़ाना आरंभ कर दिया, हैवी ब्लास्टिंग का इस्तेमाल होने से खनन की गहराई सैकड़ों फीट गहराई तक पहुंच गई। ग्रामीणों की शिकायत पर सरपंच ने पंचायती रकबे की पैमाइश कराई थी। जिसकी रिपोर्ट में हरियाणा की सीमा में खनन होने की पुष्टि हुई थी। पैमाइश की रिपोर्ट को माईनिंग विभाग के कार्यालय में भेजकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई थी, लेकिन अभी तक विभागीय अधिकारियों ने मौका निरीक्षण करना भी उचित नहीं समझा है। जिस कारण खनन माफिया के हौंसले बुलंद हैं और तेज रफ्तार से पंचायत की जमीन से पत्थर खनन कर रहे हैं। गुस्साए ग्रामीणों ने सुबह कृष्णावती नदी के पास बैठक की। जिसमें सर्वसम्मति से अवैध खनन का विरोध करने का निर्णय लिया।

### ग्रामीणों का आरोप

ग्रामीणों ने बताया कि खदान का पत्थर धौलेड़ा, जैनपुर, खातोली क्रेशर जोन में सप्लाई होता है। सड़क मार्ग पर पुलिस व विभागीय अधिकारियों की गश्त रहती है। इसलिए डंपर संचालकों ने कृष्णावती नदी के रास्ते का इस्तेमाल करना आरंभ कर दिया। डंपरा के आवागमन से ओवरलोड को बढ़ावा मिल रहा है साथ ही सरकार के राजस्व को नुकसान हो रहा है।



नांगल चौधरी। अवैध खनन के आरोप लगाते प्रशासन विरोधी नारेबाजी करते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

### हैवी ब्लास्टिंग से मकानों में पड़ी दरार, जानलेवा खतरा

दोस्तपुर पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि बबरूभान ने बताया कि माइंस संचालक ने कम समय में अधिक पत्थर खनन करने के लिए खदान में हैवी ब्लास्टिंग करना आरंभ कर दिया। जिसके पत्थर उछलकर नजदीकी मकानों पर गिरते हैं, साथ ही जमीन में कंपन होने के कारण दीवारों में दरार पड़ने लगी हैं। पत्थराव के चलते ग्रामीणों को जानलेवा खतरा बना रहता है, जिससे प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत करवा दिया है, लेकिन अभी तक कार्रवाई नहीं हुई है।

### पंचायत के रास्ते से ओवरलोड डंपर आने का है विवाद

जिला माइनिंग अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि राजस्थान की सीमा में संचालित खदान के साथ में दोस्तपुर पंचायत की जमीन लगती है। जिसके रास्ते से खदान के ओवरलोड डंपर निकलते हैं, साथ ग्रामीणों का आरोप है कि दोस्तपुर पंचायत की सीमा में खनन हो रहा है। बीते दिनों माइंस संचालक व पंचायत ने पैमाइश कराई थी। रिपोर्ट का अध्यन करके आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## खनन क्षेत्र के सरपंचों के साथ डीसी ने की बैठक

- खनन कार्यों पर जिला प्रशासन की कड़ी निगरानी
- अवैध खनन बर्दाशत नहीं : डीसी डा. विवेक भारती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी

उपायुक्त डा. विवेक भारती ने शुक्रवार को लघु सचिवालय में जिला के खनन क्षेत्रों के आसपास के सरपंचों की बैठक में कहा कि जिले में खनिज की रक्षा करना प्रशासन के साथ साथ सरपंचों का भी अहम रोल है। ऐसे में सभी सरपंच केयरटेकर बनकर काम करें। जिले में अवैध खनन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। डीसी ने कहा कि जिले में अवैध खनन की रोकथाम के लिए सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है। सभी सरपंच अवैध खनन की सूचना पर तुरंत प्रशासन को साझा करें। इस मौके पर सरपंचों ने रायल्टी का मामला उठाया, जिस पर डीसी ने आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। इस मौके पर डीसी ने खनन अधिकारी से जिले में खनन से संबंधित गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। खनन अधिकारी ने संचालित खनिज खान व क्रेशरों के बारे में अवगत करवाया। खनन अधिकारी ने बताया कि जिले में अरावली वन श्रेत्र के तहत आने वाली पहाड़ियों से गांव डिगरोता, सोहला, टहला, मुकुन्दपुरा, बसीरपुर, आंतरी, बिहारीपुर छापड़ा बीबीपुर, जैनपुर, गोलवा, पाचंनौता, मुसनौता, बायल की सीमाओं से स्थानीय लोग मौका पाकर पत्थर का अवैध खनन का प्रयास करते हैं। इस पर खनन विभाग की ओर से निरंतर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। डीसी ने नांगल चौधरी एसडीएम की निगरानी में एक अंतरविभागीय अधिकारीयों की टीम को रात आठ बजे से सुबह आठ बजे तक निरंतर अवैध खनन की चैकिंग एवं रोकथाम के लिए आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।




नांगल चौधरी। 14 नारनौल। अवैध खनन के संबंध में सरपंचों के साथ बैठक करते डीसी डा. विवेक भारती। फोटो : हरिभूमि

### ईंधन में आग लगाने व मारपीट में केस दर्ज

कनीना। गांव दौंगड़ा अहीर में पंचायती भूमि पर डाले गए ईंधन में आगजनी करने व पूर्व फौजी से मारपीट कर घायल करने के आरोप में पुलिस ने छः व्यक्तियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इस बारे में रोहताश ने दौंगड़ा अहीर पुलिस चौकी में दी शिकायत में बताया कि वह फौज से सेवानिवृत्त है ओर घर पर ही रहता है। उसकी पत्नी आरपीएफ में एचसी के पद पर कार्यरत है। उनके घर के साथ लगती पंचायती जमीन पर ग्रामीणों सहित उन्होंने भी ईंधन आदि डाल रखा है। छः फरवरी को उनके मकान के पीछे रेखा व प्रवीन आए और उनके ईंधन आदि में आग लगा दी। घर में धुंआ घुसा तो आगजनी का मालुम हुआ। जिसकी सूचना उन्होंने सरपंच गजेंद्र प्रसाद को दी। सरपंच ने मौके पर पहुंचकर उन्हें समझाया।

## नांगल चौधरी नपा के वार्ड 6 व 7 में तीन महीने से पेयजल संकट, धरने प्रदर्शन कर अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी

नांगल चौधरी नपा के वार्ड सात में बीते एक महीने से पेयजल संकट बना हुआ है। समस्या से विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया गया है। बावजूद स्थिति यथावत बनी हुई है। जिससे आक्रोशित लोगों ने जिला प्रशासन को तीन दिन में पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने की गुहार लगाई है। अन्यथा खंड कार्यालय पर धरने प्रदर्शन की रूपरेखा बनाई जाएगी। वार्ड के पार्षद कंवर सिंह जाखड़ ने बताया कि सरकार ने 70 लीटर पानी प्रत्येक व्यक्ति को पेयजल मुहैया कराने का प्रावधान किया है। बजट स्वीकृत होने के बाद जनस्वास्थ्य विभाग ने वार्ड वाइज सप्लाई लाइन बिछा दी। निर्धारित प्वाइंटों पर वॉल लगाए गए हैं, ताकि अंतिम परिवार तक पर्याप्त पानी पहुंच सके, लेकिन वाटर टैंक में पानी का पर्याप्त स्टॉक नहीं। जिस कारण वार्डों में पांच छः दिन के अंतराल पर पेयजल सप्लाई मुहैया कराई जाती है। आर्थिक रूप से संपन्न लोगों ने घरों में टैंक बनवा लिए तथा मोटर की मदद से टैंक को भर लेते हैं, लेकिन गरीब वर्ग के परिवार वाटर टैंक का निर्माण कराने में सक्षम नहीं। उन्हें अगले ही दिन दुबारा पेयजल संकट का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि सप्ताह में एक घंटे छोड़ी की गई सप्लाई पर्याप्त नहीं होती और लोगों को वाटर टैंकरों से पानी मंगवाना पड़ता है। समस्या से विभागीय अधिकारियों को अवगत करवा दिया। जिन्होंने एक सप्ताह में पर्याप्त पानी मुहैया कराने का आश्वासन दिया था, लेकिन शिकायत को तीन महीने बीतने के बावजूद स्थिति यथावत बनी हुई है।

### पेयजल संकट से लोगों की दैनिक दिनचर्या प्रभावित

नपा के पार्षद कंवर सिंह जाखड़ ने बताया कि शहर के वार्ड छः व सात में पेयजल की सर्वाधिक संकट है। एक सप्ताह में केवल एक घंटे पानी उपलब्ध होता है। इस दौरान महिलाओं की सार्वजनिक टंकियों पर मारामारी की स्थिति बनी रहती है। समस्या से विभाग व प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत करा दिया। बावजूद उन्होंने संज्ञान नहीं लिया है। जिस कारण लोगों में सरकार व विभाग के खिलाफ आक्रोश बना हुआ है।

### कीटनाशक दवाई पीने से महिला की मौत

महेंद्रगढ़। गांव नांगल सिरोही निवासी एक महिला की गलती से कीटनाशक दवाई पीने से मौत हो गई। पुलिस ने मृतका का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। मृतका के पिता माडूराम ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि उसके चार बच्चे हैं, जिनमें तीन लड़की व एक लड़का है। उसकी बड़ी लड़की मनीषा व पूनम की शादी वर्ष 2010 में हुई थी। बड़ी लड़की मनीषा कुछ दिनों से बीमार चल रही थी। 13 फरवरी को सूचना मिली कि लड़की मनीषा ने गलती से अंधेरे में दवाई की जगह घर में रखी कोई कीटनाशक दवाई पी ली है, जिसका ईलाज शहर के निजी अस्पताल में चल रहा है। परिजन महेंद्रगढ़ पहुंचे तो पता चला कि लड़की मनीषा की ईलाज के दौरान मौत हो गई है।



18 महेंद्रगढ़। खुशी जाहिर करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### टैगोर स्कूल के छात्रों ने जेईई मेंस में लहराया परचम

महेंद्रगढ़। टैगोर स्कूल के 76 विद्यार्थियों ने आईआईटी जेईई मेन में एक बार फिर से परचम लहराया हैं। मीडिया प्रभारी मनीष यादव ने बताया कि आईआईटी जेईई मेन की परीक्षा हर साल नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित कराई जाती है। जिसका परीक्षा प्रमाण गत दिवस घोषित किया गया, जिसमे टैगोर स्कूल के 76 विद्यार्थियों ने आईआईटी जेईई मेन में सफलता पाई है। विद्यार्थी ललित ने 99.20 परसेंटाइल, हैप्पी ने 99.10 परसेंटाइल, मनीष ने 99.05 परसेंटाइल, नेहा ने 99 परसेंटाइल, आयुष ने 99 परसेंटाइल, हेमंत ने 98 परसेंटाइल, वंश ने 97.8 परसेंटाइल, रजत ने 97.4 परसेंटाइल, नितेश ने 95.2 परसेंटाइल, रोहित ने 95 परसेंटाइल, दक्ष ने 94 परसेंटाइल, अभिषेक ने 94 परसेंटाइल, खुशी ने 90 परसेंटाइल, रिंकू ने 90 परसेंटाइल जिसमे 90 परसेंटाइल से ऊपर 32 विद्यार्थियों ने सफलता पाई 80 परसेंटाइल से ऊपर 44 विद्यार्थियों ने सफलता पाई। सीईओ डॉ. निशा यादव ने बताया कि अगर मन में दृढ़, इच्छा, संकल्प व लग्न की भावना हो तो कोई भी छात्र या छात्रा अपने लक्ष्य को हासिल कर सकता है।

## जेईई मेन्स में छाए एसडी के छात्र

- एसडी स्कूल ककराला के 70 विद्यार्थियों ने किया जेईई मेन्स क्वालिफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

नेशनल टैस्टिंग एजेंसी की ओर से हाल ही में घोषित जेईई मेन्स के परीक्षा परिणाम में एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला के 70 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की है। इन विद्यार्थियों को विद्यालय के चेयरमैन जगदेव यादव ने शिक्षक स्टाफ की उपस्थिति में सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि छात्र जतिन कौशिक ने 98.20 परसेंटाइल, जतिन शर्मा ने 98 परसेंटाइल अंक अर्जित कर श्रेष्ठता का परिचय दिया है। जतिन कौशिक ने फिजिक्स विषय में 98.4, कैमेस्ट्री में 97.4, गणित में 95.6 परसेंटाइल व जतिन शर्मा ने फिजिक्स में 98.9, गणित में 99.1, छविकांत ने गणित में 99.4 परसेंटाइल प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर शिक्षकों तथा अभिभावकों ने खुशी जताई है। स्कूल प्रबंधन की ओर से वीरवार को विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों व उनके शिक्षकों को नकद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय के चेयरमैन जगदेव यादव ने शिक्षकों की कड़ी मेहनत व शानदार मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग व विद्यार्थियों की जिज्ञासा की प्रशंसा की।



कनीना। जेईई मेन्स के परीक्षा परिणाम में सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करते चेयरमैन जगदेव यादव व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### पाल में शहीद सम्मान समारोह आयोजित



महेंद्रगढ़। गांव पाल में शहीद मक्खन लाल की स्मृति में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 13 फरवरी 2025 को शहीद के परिवार को सम्मानित करने के लिए सीआरपीएफ बटालियन से असिस्टेंट कमाडेंट टिलोट्टामा रावत व साथ के सिपाही गांव में पहुंचे। बता दें कि सिपाही जीडी मक्खन लाल मणिपुर में नकसलवादियों से लोहा लेते हुए 13 फरवरी 1989 को शहीद हो गए थे। ग्रुप केन्द्र सीआरपीएफ के कादरपुर गुरुग्राम से शहीद के परिवार को सम्मानित किया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने गांव में शहीद का स्मारक बनाने की मांग की।

## डीएमसी ने सफाई का लिया जायजा

- गंदगी फैलाने वाले लोगों के काटे चालन
- ड्राइवरों व दरोगा के मोबाइल नंबर टेंपो पर लगाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिला नगर आयुक्त एवं अतिरिक्त उपायुक्त डा. आनंद कुमार शर्मा ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान डीएमसी के साथ दौरे पर चल रही नगर परिषद की टीम ने सड़क पर कूड़ा डालने वाले नागरिकों के चालान काटे। डीएमसी ने बताया कि पिछला एक सप्ताह में शहर में 29 व महेंद्रगढ़ शहर में 20 लोगों के चालान काटे गए हैं। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। डीएमसी सुबह सात बजे से पहले शहर के निरीक्षण के लिए निकले। सबसे पहले उन्होंने महेंद्रगढ़ रोड पर नसीबपुर जेठू बाबा मंदिर तक निरीक्षण किया। इस दौरान सड़क के किनारों पर पड़े कूड़े को साफ करने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने सिंघाना रोड निजामपुर, रोड रेवाड़ी रोड तथा नारनौल शहर के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। उन्होंने नागरिक अस्पताल के सामने खाली जगह की सफाई करवाई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अब भविष्य में यहां पर कूड़ा डालने वालों के चालान किया जाए। एक दुकानदार की ओर से नवनिर्मित रोड के डिवाइडर पर कूड़ा डालने पर मौके पर ही डीएमसी ने चालान करने के निर्देश दिए।



नारनौल। शहर में सफाई व्यवस्था का जायजा लेते डीएमसी डा. आनंद कुमार शर्मा।



महेंद्रगढ़। शहीदों के चित्र पर पुष्पार्पित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### पुलवामा हमले में शहीदों को दी श्रद्धांजलि

महेंद्रगढ़। राव सुल्तान सिंह सीनियर सेकेंडरी स्कूल निम्बेहड़ा में पुलवामा हमले में शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। निदेशक सतपाल यादव ने बताया कि 14 फरवरी 2019 को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के वाहन में आतंकवादी हमला हुआ। इसकी जिम्मेदारी पाकिस्तान के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने ली। इस हमले में 40 भारतीय सुरक्षा कर्मियों की जान गई थी। यह हमला जम्मू और कश्मीर के पुलवामा जिले के अवन्तिपोरा के निकट लेथपोरा इलाके में हुआ था। भारत ने इस हमले का 12 दिन बाद ही बदला ले लिया था। भारत ने 26 फरवरी 2019 को बालाकोट एयरस्ट्राइक करके जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादियों को ढेर कर दिया था।इस अवसर पर प्राचार्य राजकुमार शर्मा, उप प्राचार्य रामकुमार ने भी अपने विचार रखे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

**खेल** ऐक्यम राइज क्लब नीरपुर राजपूत की ओर करावाई जा रही है हाफ मैराथन

## नारनौल हाफ मैराथन का आयोजन कल, खेल मंत्री होंगे मुख्य अतिथि

रेवाड़ी रोड पर आरपीएस स्कूल मैदान एक एकत्र होंगे देश विदेश के एथलीट


हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

ऐक्यम राइज क्लब नीरपुर राजपूत की ओर से 16 फरवरी को नारनौल हाफ मैराथन 2.0 का आयोजन शहर में रेवाड़ी रोड पर आरपीएस स्कूल मैदान में किया जाएगा। जिसमें प्रदेश के खेल मंत्री गौरव गौतम बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। ऐक्यम राइज क्लब के सचिव अमरपाल चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नशा मुक्त हरियाणा अभियान को आगे बढ़ाते हुए इस हाफ मैराथन का आयोजन करवाया जा रहा है। इसमें हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश के साथ साथ विदेशों से भी लगभग 500 एथलीट भाग लेंगे।

इस हाफ मैराथन में चार कैटेगरी तीन किलोमीटर, पांच किलोमीटर, 10 किलोमीटर व 21 किलोमीटर है। 21 किलोमीटर रेस में प्रथम स्थान पर रहने वाले को 31000, द्वितीय को 21000 व तृतीय स्थान पर रहने वाले को 11000 रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। 10 किलोमीटर रेस में प्रथम स्थान पर रहने वाले को 11000, द्वितीय को 5100 व तृतीय स्थान पर 3100 रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। पांच किलोमीटर रेस में प्रथम स्थान पर रहने वाले को 3100, द्वितीय स्थान पर 2100 व तृतीय स्थान पर रहने वाले को 1100 रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि ऐक्यम राइज क्लब का उद्देश्य महेंद्रगढ़ जिले में खेल को बढ़ावा देना है। जिससे युवा पीढ़ी नशे से दूर होकर खेल के साथ जुड़े। इस मैराथन में पुरुष, महिला एवं बच्चे भाग ले सकते हैं। उन्होंने कहा है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में इस कार्यक्रम से जुड़े। जिससे महेंद्रगढ़ जिले में लोगों का खेलों के प्रति रुझान बढ़े। मैराथन में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को मेडल, टी शर्ट के साथ रिफ्रेशमेंट दी जाएगी।

### खेल मंत्री के साथ ये रहेंगे मौजूद

हाफ मैराथन में खेल मंत्री के साथ साथ विधायक ओमप्रकाश यादव, महेंद्रगढ़ विधायक कुंवर सिंह यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष दयाराम यादव, उपायुक्त डा. विवेक भारती, पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ, अतिरिक्त जिला उपयुक्त आनंद शर्मा, जिला प्रमुख राकेश कुमार, पम्मी मोटन, नगर परिषद अध्यक्ष कमलेश सैनी, देशराज सरपंच पाली, हाफ मैराथन के ब्रांड एंबेसडर संजय कुमार व परमजीत यादव बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।



नारनौल। खेल मंत्री गौरव गौतम